an>

Title: Need to set up a laboratory at B.J. Medical College, Ahmedabad, Gujarat on the lines of National Institute of Virology, Pune.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि गुजरात राज्य पिछले कुछ समय से विभिन्न बीमारियों, जो कि मुख्यतः चांदीपुरा वायरस किमीयन कोन्गो हेमरेजीक फीवर (Chandipura Virus, Crimean Congo hemorrhagic Fever Virus) व अन्य विषाणुजनित बीमारियों, से प्रभावित रहा है। गुजरात सरकार को नये विषाणु की जांच के लिए अक्सर सैंपल को जांच हेतु नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ वीरोलॉजी, पुणे अथवा नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल, नई दिल्ली भेजना पड़ता है, क्योंकि गुजरात राज्य में अपनी कोई लैब नहीं है। जिसके कारण कई बार विषाणु की जांच एवं उसकी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने में काफी देरी हो जाती है। आज समय की मांग है कि नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ वीरोलॉजी, पुणे अथवा नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल, नई दिल्ली जैसी विश्वस्तरीय लैब गुजरात में खोली जाए, जिससे विभिन्न विषाणुजनित संक्रमणता को काबू में रखकर रूग्णता एवं मृत्यु दर को कम किया जा सके।

मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि गुजरात सरकार ने राज्य में लैब खोले जाने हेतु केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को उपरोक्त सम्बन्ध में फरवरी, 2012 में प्रस्ताव भेजा। जिसके बाद आई0सी0एम0आर0 ने बी0जे0 मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद में उपरोक्त लैब स्थापित करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। परन्तु उपरोक्त परियोजना अभी भी प्रस्ताव स्तर तक ही सीमित है।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह स्वयं इस दिशा में हस्तक्षेप करते हुए जनहित में बी0जे0 मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद में नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ वीरोलॉजी की तर्ज पर लैब अविलम्ब स्थापित किये जाने का कष्ट करें।